(b) who are the owners of these names;

(c) since when such names are being used in the Indian market; and

(d) what are the names of the Indian companies which have been permitted to use such 'hybrid' names during the last three years?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI AJIT SINGH): (a) Under the Trade & Merchandise Marks Act, 1958, (TMMA) there is no separate definition of foreign trade marks, Indian trade marks or hybrid trade marks.

(b) and (c) No composite trade mark (e.g. Maruti-Suzuki, Hero-Honda etc.) has been registered with the Registrar of Trade Marks as jointly owned trade mark.

(d) Prior permission is not required under the TMMA, 1958, for the use of the trade mark. Under the TMMA, application for registration is a voluntary action by the owner of the trade mark for better legal protection of the trade mark.

जयपुर से दिल्ली के लिए विमान-सेवा

66. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि इंडियन एयर-लाइंस की जयपुर से दिल्ली आने वाली उड़ान का समय प्रातः 10.40 बजे से बदलकर सांय 4.50 बजे करने के क्या कारण हैं और क्या सुबह आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर से दिल्ली को कोई नई उड़ान शुरू की जाएगी ?

ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : एयरबस ए-320 विमानों का परिचालन रोक दिये जाने और पट्टे पर लिये गये बी-737 विमानों की वापसी के कारण, इंडियन एयर-लाइन्स को आई० सी०-492 (बम्बई-औरंगाबाद-उदयपुर-जोधपुर-जयपुर-दिल्ली (उड़ान के समय को 5 मार्च, 1990 से बदल देना पड़ा । विमान क्षमता की कमिनाई के कारण इंडियन एयरलाइन्स की इस समय जयपुर और दिल्ली के बीच प्रातःकालीन सेवा आरंभ करने की कोई योजना नहीं है ।

राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले में उद्योगों की स्थापना

67. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किसी जिले को औद्योगिक रूप से पिछड़ा जिला घोषित करने के मापदंड क्या हैं ;

(ख) क्या राजस्थान में सवाई माधोपुर जिला भी इस श्रेणी के अंतर्गत आता है ;

(ग) क्या सवाई माधोपुर जिले में एक नया बड़ा उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) राजस्थान में उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां अगले तीन वर्षों में उद्योग अथवा बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित किए जाने की संभावना है और इन उद्योगों अथवा औद्योगिक इकाइयों के नाम क्या हैं, इनकी स्थापना कब तक की जाएगी और इनके परिणामस्वरूप कितने व्यक्तियों को रोजगार मिल जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) किसी जिले को पिछड़ा घोषित करने के लिए निधारित मानदंड हैं--प्रति व्यक्ति खाद्यान्न वाणिज्यिक फसल उत्पादन, जो इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वह जिला प्रधानतया खाद्यान्नो नकद फसल (कैशक्राप) का उत्पादक है, आबादी में कृषि कामगारों का अनुपात, प्रति व्यक्ति औद्योगिक उत्पादन, प्रति लाख आबादी में कारखाना कर्मचारियों की संख्या अथवा इसके विकल्प के रूप में प्रति लाख आबादी में दूसरे अथवा तीसरे कार्यों में लगे व्यक्तियों की संख्या, प्रति व्यक्ति बिजली की खपत आबादी की दृष्टि से पक्की सड़कों की लंबाई अथवा आबादी की दृष्टि से रेलमार्ग की मील दूरी ।